01162

No. of Printed Pages : 15 **BPHE-104/PHE-04/PHE-05**

# BACHELOR OF SCIENCE (B.Sc.)

## Term-End Examination, December, 2018

### BPHE-104/PHE-04 : MATHEMATICAL METHODS IN PHYSICS-I

### &

### PHE-05 : MATHEMATICAL METHODS IN PHYSICS-II

***Instructions :***

*(i) Students registered for both BPHE-104 / PHE-04 and PHE-05 courses should answer both the question papers in two separate answer books entering their enrolment number, course code and course title clearly on both the answer books.*

*(ii) Students who have registered for BPHE-104 / PHE-04 or PHE-05 should answer the relevant question paper after entering their enrolment number, course code and course title on the answer book.*

**बी.पी.एच.ई.-104/पी.एच.ई.-04/पी.एच.ई.-05**

# विज्ञान स्नातक (बी.एस सी.)

## सत्रांत परीक्षा, दिसम्बर, 2018

### बी.पी.एच.ई.-104/पी.एच.ई.-04 : भौतिकी में गणितीय विधियाँ-I

### एवं

### पी.एच.ई.-05 : भौतिकी में गणितीय विधियाँ-II

***निर्देश :***

*(i) जो छात्र बी.पी.एच.ई.-104/पी.एच.ई.-04 और पी.एच.ई.-05 दोनों पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकृत हैं, दोनों प्रश्न-पत्रों के उत्तर अलग-अलग उत्तर पुस्तिकाओं में अपना अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम कोड तथा पाठ्यक्रम नाम साफ़-साफ़ लिखकर दें ।*

*(ii) जो छात्र बी.पी.एच.ई.-104/पी.एच.ई.-04 या पी.एच.ई.-05 किसी एक के लिए पंजीकृत हैं, अपने उसी प्रश्न-पत्र के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में अपना अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम कोड तथा पाठ्यक्रम नाम साफ़-साफ़ लिखकर दें ।*

**BPHE-104/PHE-04**

# BACHELOR OF SCIENCE (B.Sc.)

## Term-End Examination

## December, 2018

## PHYSICS

## BPHE-104/PHE-04 : MATHEMATICAL METHODS IN PHYSICS-I

*Time : $1\frac{1}{2}$ hours* *Maximum Marks : 25*

***Note :*** *Attempt **all** questions. The marks for each question are indicated against it. You can use a calculator or log tables. Symbols have their usual meanings.*

1. Answer any ***three*** parts : *3×4=12*

(a) Determine the unit vector normal to the plane formed by the vectors $\vec{\mathbf{a}} = 2\hat{\mathbf{i}} - \hat{\mathbf{k}}$ and $\vec{\mathbf{b}} = 3\hat{\mathbf{j}} + 2\hat{\mathbf{k}}$.

(b) Calculate the work done by a force $\vec{F} = xy^2\hat{i} + xy\hat{j}$ in moving a particle along the curve $y^2 = 4x$ from (0, 0) to (1, 2).

(c) The position vector of a particle moving in space is $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$. Obtain expression for components of its velocity in cylindrical coordinates.

(d) Calculate the directional derivative of $V = \frac{A}{[x^2 + y^2 + z^2]^{1/2}}$ at the point (4, 4, 7) in the direction $\hat{n} = \frac{1}{\sqrt{6}}(\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k})$.

(e) Prove that for a vector field $\vec{A}(x, y, z) = A_1 \hat{i} + A_2 \hat{j} + A_3 \hat{k}$ and a scalar field $\phi(x, y, z)$ :

$$\vec{\nabla} \cdot (\phi \vec{A}) = \phi \vec{\nabla} \cdot \vec{A} + \vec{A} \cdot \vec{\nabla} \phi$$

**2.** State Stokes' theorem. Use it for the vector field $\vec{A} = P(x, y)\,\hat{i} + Q(x, y)\,\hat{j}$ to show that

$$\oint_c (P\,dx + Q\,dy) = \iint_s \left(\frac{\partial Q}{\partial x} - \frac{\partial P}{\partial y}\right) dx\,dy$$ *5*

**OR**

State Gauss's divergence theorem. The electric field due to a point charge, q, at a point whose position vector with respect to the location of q is $\vec{r}$, is given by $\vec{E} = \frac{kq}{r^3}\vec{r}$, $(r \neq 0)$, where k is a constant, which depends on the nature of the medium. Calculate the flux of $\vec{E}$ through a sphere of radius a, whose centre is at the position of the charge q. *1+4*

3. The probability that a molecule has speeds between v and v + dv is given by Maxwell-Boltzmann distribution of speeds. For gas molecules of mass m, it is given by

$$f(v) = 4\pi \left( \frac{m}{2\pi k_B T} \right)^{3/2} v^2 e^{-mv^2/2k_B T} \quad 0 \le v \le \infty$$

where T is temperature. Show that

$$\bar{v} = \sqrt{\frac{8 k_B T}{m\pi}}$$ 5

**OR**

The marks obtained by 6 students in two class tests, denoted by x and y, are as follows :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | 6 | 5 | 8 | 10 | 4 | 9 |
| y | 8 | 6 | 7 | 10 | 6 | 8 |

Obtain the least square regression line of y on x. 5

4. A continuous random variable can assume any value between 2 and 5. If its density function f(x) = k(1 + x), calculate p(x < 4). 3

**OR**

The probability of success in a sequence of 300 independent trials is $\frac{3}{4}$. Assuming that the trials form a normal distribution, calculate the mean and the standard deviation of the distribution. 3

# विज्ञान स्नातक (बी.एस सी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2018

## भौतिक विज्ञान

## बी.पी.एच.ई.-104/पी.एच.ई.-04 : भौतिकी में गणितीय विधियाँ-I

*समय : $1\frac{1}{2}$ घण्टे* *अधिकतम अंक : 25*

---

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं । आप कैल्कुलेटर अथवा लॉग सारणियों का प्रयोग कर सकते हैं । प्रतीकों के अपने सामान्य अर्थ हैं ।*

---

**1.** किन्हीं *तीन* भागों के उत्तर दीजिए : *3×4=12*

(क) सदिश $\vec{\mathbf{a}} = 2\hat{\mathbf{i}} - \hat{\mathbf{k}}$ और $\vec{\mathbf{b}} = 3\hat{\mathbf{j}} + 2\hat{\mathbf{k}}$ से बने समतल के लंबवत् एकक सदिश ज्ञात कीजिए ।

(ख) वक्र $y^2 = 4x$ के अनुदिश एक कण को बिंदु (0, 0) से बिंदु (1, 2) तक ले जाने में बल $\vec{F} = xy^2\hat{i} + xy\hat{j}$ द्वारा किया गया कार्य परिकलित कीजिए ।

(ग) समष्टि में गतिमान किसी कण का स्थिति सदिश $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$ है । बेलनी निर्देशांकों में इसके वेग के घटकों के व्यंजक प्राप्त कीजिए ।

(घ) सदिश $\hat{n} = \frac{1}{\sqrt{6}}(\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k})$ के अनुदिश बिन्दु (4, 4, 7) पर $V = \frac{A}{[x^2 + y^2 + z^2]^{1/2}}$ का दिक्-अवकलज परिकलित कीजिए ।

(ङ) सदिश क्षेत्र $\vec{A}(x, y, z) = A_1\hat{i} + A_2\hat{j} + A_3\hat{k}$ और अदिश क्षेत्र $\phi(x, y, z)$ के लिए सिद्ध कीजिए कि :

$$\vec{\nabla} \cdot (\phi\vec{A}) = \phi\vec{\nabla} \cdot \vec{A} + \vec{A} \cdot \vec{\nabla}\phi$$

2. स्टोक्स प्रमेय का कथन लिखिए । इसका प्रयोग कर सदिश क्षेत्र $\vec{A} = P(x, y)\hat{i} + Q(x, y)\hat{j}$ के लिए सिद्ध कीजिए कि : *5*

$$\oint_c (P\,dx + Q\,dy) = \iint_s \left(\frac{\partial Q}{\partial x} - \frac{\partial P}{\partial y}\right) dx\,dy$$

**अथवा**

गाउस डाइवर्जेंस प्रमेय का कथन लिखिए । एक बिन्दु आवेश q से उत्पन्न विद्युत्-क्षेत्र, किसी बिन्दु, जिसका q के सापेक्ष स्थिति सदिश $\vec{r}$ है, पर निम्नवत् है : $\vec{E} = \frac{kq}{r^3}\vec{r}$, $(r \neq 0)$. यहाँ k नियतांक है जो माध्यम की प्रकृति पर निर्भर करता है । त्रिज्या a के गोले, जिसका केन्द्र आवेश q की स्थिति पर है, से होते हुए $\vec{E}$ का अभिवाह परिकलित कीजिए । *1+4*

3. गैस के एक अणु की चाल v तथा $v + dv$ के बीच होने की प्रायिकता मैक्सवेल-बोल्ट्ज़मान बंटन द्वारा दी जाती है । द्रव्यमान m के गैस अणुओं के लिए इसका मान है :

$$f(v) = 4\pi \left( \frac{m}{2\pi k_B T} \right)^{3/2} v^2 e^{-mv^2/2k_B T} \quad 0 \le v \le \infty$$

जहाँ T ताप है । सिद्ध कीजिए कि

$$\bar{v} = \sqrt{\frac{8 k_B T}{m\pi}}$$ 5

**अथवा**

दो कक्षा परीक्षाओं में 6 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को क्रमश : x तथा y द्वारा निरूपित किया गया है तथा ये निम्नवत् हैं :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | 6 | 5 | 8 | 10 | 4 | 9 |
| y | 8 | 6 | 7 | 10 | 6 | 8 |

x पर y की न्यूनतम वर्ग समाश्रयण रेखा प्राप्त कीजिए । 5

4. एक संतत यादृच्छिक चर 2 और 5 के बीच कोई भी मान ले सकता है । यदि इसका घनत्व फलन $f(x) = k(1 + x)$ है, तो $p(x < 4)$ परिकलित कीजिए । 3

**अथवा**

300 स्वतंत्र अभिप्रयोगों के अनुक्रम में सफलता की प्रायिकता $\frac{3}{4}$ है । यह मानते हुए कि ये अभिप्रयोग प्रसामान्यत: बंटित हैं, बंटन का माध्य और मानक विचलन परिकलित कीजिए । 3

**PHE-05**

# BACHELOR OF SCIENCE (B.Sc.)

## Term-End Examination

## December, 2018

## PHYSICS

## PHE-05 : MATHEMATICAL METHODS IN PHYSICS-II

*Time : $1\frac{1}{2}$ hours* *Maximum Marks : 25*

---

***Note :*** *All questions are **compulsory**. However, internal choices are given. The marks for each question are indicated against it. You may use log tables or non-programmable calculators.*

---

**1.** Answer any ***three*** parts : *3×5=15*

(a) Show that the equation

$$(e^x + y - 2)\,dx + (e^y + x - 5)\,dy = 0$$

is exact and obtain its solution.

(b) What do you understand by the terms Initial Value Problem and Boundary Value Problem ? Solve the equation

$$\frac{d^2y(x)}{dx^2} + 3\frac{dy(x)}{dx} + 2y(x) = 0$$

subject to the conditions $y(0) = 2$ and $\frac{dy(0)}{dx} = 4$.

(c) Define ordinary and singular points. When is a singularity said to be regular ? Classify the singular points of the equation

$$(1-x^2)\frac{d^2y}{dx^2} - 2x\frac{dy}{dx} + n(n+1)y = 0$$

(d) 1 – D Schrödinger equation is written as

$$\left(\frac{\partial}{\partial x^2} + \alpha\frac{\partial}{\partial t}\right)\psi(x, t) = 0$$

Use the method of separation of variables and reduce it to a set of ODEs.

(e) (i) Show that the function

$$z = ln(x^2 + y^2)$$

satisfies the equation

$$\frac{\partial^2 z}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 z}{\partial y^2} = 0.$$ 3

(ii) Classify the following equations by way of order and degree : 2

$$\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} - c^2\frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0 \text{ and}$$

$$\frac{\partial p}{\partial t} + \rho\left(\frac{\partial v}{\partial x} + \frac{\partial v}{\partial y} + \frac{\partial v}{\partial z}\right) = 0.$$

2. A body dropped vertically from a height experiences air resistance. Its equation of motion can be written as $m\frac{dv}{dt} = mg - kv$, where k is a constant and v is instantaneous velocity. Show that the velocity of the body when it hits the ground is given by $v(t) = \frac{mg}{k} - \frac{mg}{k}\exp(-kt/m)$. 5

**OR**

According to Newton's law of cooling, the rate at which a body cools is proportional to the temperature difference between the body and its surroundings. If the surroundings are at 300 K and the body cools from 370 K to 340 K in 15 minutes, calculate the time in which it will attain a temperature of 310 K. 5

3. Express the function f(t) given below in a Fourier series : 5

$$f(t) = \frac{2}{T}t \qquad -\frac{T}{2} < t < \frac{T}{2}$$

and $\quad f(t + T) = f(t)$

**OR**

The general solution of the diffusion equation

$$\frac{\partial T}{\partial t} = k\frac{\partial^2 T}{\partial x^2}$$

for heat flow in a uniform bar of length L is given by

$$T(x, t) = (C_1 \cos mx + C_2 \sin mx)\, e^{-km^2 t}.$$

Obtain the particular solution under the following conditions :

$$T(0, t) = \frac{\partial T}{\partial x}(L, t) = 0, \ (t \geq 0)$$

and $T(x, 0) = T_0 \ (0 < x < L)$ 5

**पी.एच.ई.-05**

# विज्ञान स्नातक (बी.एस सी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2018

## भौतिक विज्ञान

## पी.एच.ई.-05 : भौतिकी में गणितीय विधियाँ-II

*समय : $1\frac{1}{2}$ घण्टे* *अधिकतम अंक : 25*

---

**नोट :** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । परन्तु, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं । आप लॉग सारणियों अथवा अप्रोग्रामीय कैल्कुलेटरों का प्रयोग कर सकते हैं ।*

---

**1.** किन्हीं *तीन* भागों के उत्तर दीजिए : *3×5=15*

(क) सिद्ध कीजिए कि समीकरण

$$(e^x + y - 2)\,dx + (e^y + x - 5)\,dy = 0$$

यथातथ है तथा इसे हल भी कीजिए ।

(ख) प्रारम्भिक मान समस्या तथा परिसीमा मान समस्या पदों से आपका क्या तात्पर्य है ? समीकरण

$$\frac{d^2y(x)}{dx^2} + 3\frac{dy(x)}{dx} + 2y(x) = 0$$

को प्रतिबंधों $y(0) = 2$ तथा $\frac{dy(0)}{dx} = 4$ के तहत हल कीजिए ।

(ग) सामान्य तथा विचित्र बिन्दुओं को परिभाषित कीजिए । विचित्रता को कब नियमित कहा जाता है ? समीकरण

$$(1 - x^2)\frac{d^2y}{dx^2} - 2x\frac{dy}{dx} + n(n+1)y = 0$$

के विचित्र बिन्दुओं को वर्गीकृत कीजिए ।

(घ) 1 – D श्रोडिन्गर समीकरण को निम्नवत् लिखा जाता है :

$$\left(\frac{\partial}{\partial x^2} + \alpha\frac{\partial}{\partial t}\right)\psi(x, t) = 0$$

चर पृथक्करण विधि द्वारा इस समीकरण को ODEs के समुच्चय के रूप में समानीत कीजिए ।

(ङ) (i) सिद्ध कीजिए कि फलन

$$z = ln(x^2 + y^2)$$

समीकरण $\frac{\partial^2 z}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 z}{\partial y^2} = 0$

का अनुपालन करता है । 3

(ii) निम्नलिखित समीकरणों को कोटि और घात के अनुसार वर्गीकृत कीजिए : 2

$$\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} - c^2\frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0 \text{ तथा}$$

$$\frac{\partial \rho}{\partial t} + \rho\left(\frac{\partial v}{\partial x} + \frac{\partial v}{\partial y} + \frac{\partial v}{\partial z}\right) = 0.$$

2. जब किसी निकाय को ऊँचाई से गिराया जाता है तो इसमें वायु प्रतिरोध होता है । इसके गति समीकरण को हम निम्नवत् लिख सकते हैं :

$$m \frac{dv}{dt} = mg - kv$$

जहाँ k एक अचर है तथा v निकाय का तात्क्षणिक वेग है । सिद्ध कीजिए कि जब यह निकाय पृथ्वी की सतह पर गिरता है तो इसके वेग का व्यंजक निम्नलिखित है :

$$v(t) = \frac{mg}{k} - \frac{mg}{k} \exp(-kt/m)$$ 5

**अथवा**

न्यूटन के शीतलन नियम के अनुसार, किसी पदार्थ के ठंडे होने की दर उसके तथा परिवेश के तापांतर (temperature difference) के समानुपाती होती है । यदि परिवेश का तापमान 300 K हो तथा निकाय 370 K से 340 K ठंडा होने में 15 मिनट का समय ले, तो 310 K तापमान तक ठंडा होने में लगने वाला समय परिकलित कीजिए । 5

3. फलन

$$f(t) = \frac{2}{T} t \qquad -\frac{T}{2} < t < \frac{T}{2}$$

तथा $f(t + T) = f(t)$ को फूरिये श्रेणी के पदों में व्यक्त कीजिए । 5

**अथवा**

लंबाई L वाले एक समांग छड़ में प्रवाहित हो रही ऊष्मा के लिए विसरण-समीकरण

$$\frac{\partial T}{\partial t} = k \frac{\partial^2 T}{\partial x^2}$$

का व्यापक हल निम्नलिखित है :

$$T(x, t) = (C_1 \cos mx + C_2 \sin mx)\, e^{-km^2 t}.$$

निम्नलिखित प्रतिबंधों के लिए इसका विशेष हल प्राप्त कीजिए :

$$T(0, t) = \frac{\partial T}{\partial x}(L, t) = 0, \ (t \geq 0)$$

और $T(x, 0) = T_0 \ (0 < x < L)$ *5*

---